कार्यालय पुलिस आयुक्त जयपुर

क्रमांकः–प–6(बी–81)पु.आ.ज./अप/पश्चिम/2020/15279 दिनांकः– 5.10.20

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त
(अपराध),
पुलिस आयुक्तालय, जयपुर।

विषयः–परिवाद क्रमांकः 09200678707454 द्वारा श्री ज्ञानेश कुमार के संबंध में।

महोदय

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि परिवादी द्वारा दिनांक 12–09–2020 को दैनिक भास्कर अखबार में प्रकाशित खबर शीर्षक "मालवीय नगर व सदर एस.एच.ओ. और एक सहायक उप निरीक्षक व कानि. लाईन हाजिर" के संबंध में तथ्यात्मक रिपोर्ट चाही है।

न्यूज कटिंग में वर्णित खबर के संबंध में श्री राजेन्द्र सिंह, पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी, सदर, जयपुर, श्री भंवर लाल सहायक उप निरीक्षक व श्री गंगाराम कानि. के खिलाफ श्री के.के. टांक द्वारा सी.एम.ओ. में शिकायत दर्ज करवाई थी, जिस पर श्रीमान् उप महानिरीक्षक पुलिस (सतर्कता एवं सुरक्षा) मुख्यमंत्री कार्यालय, राजस्थान सरकार, जयपुर के पत्र क्रमांक 50107 दिनांक 09–09–2020 की पालना में उक्त जाप्ते का स्थानान्तरण पुलिस लाईन, जयपुर में किया गया था। परिवाद की जॉच अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (सतर्कता) पुलिस मुख्यालय, राजस्थान, जयपुर में चल रही है तथा श्री शकील अहमद, पुलिस निरीक्षक, थानाधिकारी पुलिस थाना मालवीयनगर के विरूद्व श्रीमान् महानिदेशक पुलिस, राजस्थान, जयपुर के कार्यालय में विभागीय जॉच पैण्डिंग होने की वजह से गृह विभाग के आदेशों की पालना में नोन फिल्ड स्थानान्तरण पुलिस लाईन, जयपुर किया गया है।

तथ्यात्मक रिपोर्ट सेवामें पेश है।

भवदीय

स्टाफ ऑफिसर
पुलिस आयुक्त जयपुर

Scanned with CamScanner